दैनिक
# न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### दो बाइक की आपस में भिड़ंत, तीन की मौके पर मौत, दो घायल

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कल हुई भीषण सडक दुर्घटना के बाद आज शाम फिर एक बहुत ही दर्दनाक सड़क हादसे मे 3 की मौत हो गई, जबकि 2 लोग घायल हैं जिनका इलाज जारी है। मरने वाले में 2 लोग पिता पुत्र है। घटना चंद्रपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अमलीपाली की है। सभी लोग दो बाइक में सवार थे और आमने सामने से आ रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनोहर साहू पिता दिल चंद साहू उम्र 31 वर्ष अपने महिला रिश्तेदार चिरबाई साहू के बाइक से चंद्रपुर की अओर से आ रहे थे। वहीं दूसरी तरफ एक बाइक जिसमें 3 लोग सवार थे। उम्र 30 वर्ष अशोक मिरी एवं उसका पिता कमरू मिरी एवं साथ में रामाधार पिता गंगाराम सवार थे यह तीनों गिरहुलपाली थाना बरमकेला के निवासी थे और गिरगिरा में लड़का देखने के लिए आए थे। रास्ते में अमलीपाली तेली पुरैना तालाब के पास में इन दोनों बाईको की आपस में भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक सवार मनोहर साहू उम्र 30 वर्ष की मौत हो गई। वहीं उसके साथ परिचित महिला घायल अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। दूसरी तरफ की बाइक में दोनों पिता-पुत्र की मृत्यु हो गई है। पिता का नाम कमरू मिरी एवं पुत्र अशोक मिरी की मौत ही गयी है। एवं अन्य बाइक सवार रामाधार को घायल अवस्था में इलाज के लिए भेजा गया है।

### अलग- अलग दो जुआ फडों पर खरसिया पुलिस की रेड कार्यवाही

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** शनिवार 26 जनवरी को पुलिस चौकी खरसिया स्टाफ द्वारा मुखबिर सूचना पर शाम करीब 19:30 बजे हमालपारा खरसिया बस स्टैण्ड के पास जुआरियों के दो जुआ फड पर रेड कर जुआ खेल रहे व्यक्यिो को पकड़ा । एक जुआ फड में जुआ खेल रहे (1) मोनु उर्फ शरद सिदार पिता चंन्द्रभान सिदार उम्र 25 साल (2) कन्हैया निषाद पिता मिथुन निषाद उम्र 19 साल (3) अमिन एक्का पिता बजराल एक्का उम्र 32 साल (4) श्रवण निषाद पिता श्याम लाल निषाद उम्र 30 साल पकडे गये, जिनके पास एवं फड से जुमला 1250 रू. एवं 52 पत्ती तास की गड्डी जप्त किया गया । वहीं दूसरे जुआ फड पर (1) मोह0 आरीफ पिता मोह0 सिराज उम्र 32 साल (2) हिरेश यादव पिता सत्यनारायण उम्र 20 साल (3) अमर यादव पिता राजू यादव उम्र 24 साल (4) मुस्ताक खान पिता अब्लुल रहमान उम्र 40 साल जुआ खेलते पकड़े गये, जिनके पास एवं फड से जुमला 1310 रू एवं 52 पत्ती तास की गड्डी जप्त किया गया है । आरोपियों के विरूद्ध थाना खरसिया में 13 जुआ एक्ट के तहत क्रमशः अप.क्र. 43, 44/19 की कार्यवाही गई है ।

### अनियंत्रित मोटर से गिरकर चालक घायल, राइनो वाहन ने पहुंचाया अस्पताल

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** रविवार 27 जनवरी के 14:01 बजे डॉयल-112 पुसौर राइनो को झारमुडा रोड में एक्सीडेंट का इवेंट मिला, इवेट पर पुसौर राइनो वाहन घटनास्थल झारमुडा पहुंचा जहां मोटर सायकल का चालक देव उरांव उम्र 40-45 वर्ष निवासी जशपुर अपने मोटर सायकल को तेज गति से चलाकर सड़क पर गिरा देने से उसे चोटें आयी थी, चोटिल देव उरांव को डॉयल 112 स्टॉफ द्वारा 108 संजीवनी वाहन के माध्यम से पुसौर अस्पताल पहुंचवाया गया ।

# गणपर्व की संध्या चौक-चौराहों व कालोनियों में युवाओं ने जलाए दीप

**मिनी स्टेडियम सहित 1 लाख दीपों से जगमग हुआ शहर, घर-घर में दीप उत्सव की भांति मना गणतंत्र दिवस**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** गणतंत्र दिवस की पावन संध्या पर शहर के मिनी स्टेडियम में उस वक्त हजारों दीप जगमगा उठे जब शहर की विभिन्न स्कूलों से आए नन्हें बच्चों के साथ-साथ युवाओं और शहर के गणमान्य नागरिको व विभिन्न संगठनों से जुडे लोगों ने एक साथ मिलकर एकता के दीप जलाए। जिससे पूरा शहर दीए की रोशनी से जगमगा उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर यशवंत कुमार, पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल व पूर्व विधायक रोशनलाल अग्रवाल ने कार्यक्रम स्थल पर भारत माता के छाया चित्र के सामने दीप जलाकर किया। इस दौरान एरिसेंट पब्लिक स्कूल व संस्कार स्कूल के दो सौ से अधिक बच्चे दीप जलाने के लिए पहुंचे थे। युवक संघ के आव्हान पर यह वृहद आयोजन किया गया था जिसमें मोहल्ले के युवाओं ने न केवल बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया बल्कि शहर के सभी चौक-चौराहों



तथा घरों को भी दीप से जगमग कर दिए। इस आयोजन के कारण ऐसा लग रहा था कि मानों गणपर्व की संध्या पूरा शहर दीपों की रोशनी से जगमगा उठा है।

युवक संघ रामनिवास टाकीज चौक के तत्वाधान में पिछले तीन वर्षो से गणतंत्र दिवस के दिन दीप पर्व का आयोजन किया जाता रहा है। आयोजन समिति ने वर्ष 2016 में कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए यहां 31 हजार दीप प्रज्वलित किए थे। इस कार्यक्रम की विशेषता यह थी कि आयोजन के लिए जिन अमर शहीदों के फोटोयुक्त बैनर पोस्टर बनाए जाते हैं उनमें किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था का नाम नही होता। इस वर्ष आयोजन समिति ने लगभग 350 फोटोयुक्त पोस्टर बनवाए थे जिनकी शहर में काफी चर्चा रही। इस वर्ष जहां मिनी स्टेडियम में स्कूली बच्चों व शहरवासियों के सहयोग से खराब मौसम के बावजूद 61 हजार दीप प्रज्वलित किए गए। वहीं शहर के चौक-चौराहों पर 30 हजार से भी अधिक और लोगों के द्वारा अपने-अपने घरों में व कालोनियों में 20 हजार से भी अधिक दीप प्रज्वलित किए गए थे। ऐसा पहली बार हुआ कि इस बार के आयोजन में जिला न्यायालय, कलेक्टर परिसर तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, नगर के सभी थानों, नगर निगम व जिला अस्पताल जैसे सार्वजनिक स्थलों पर दीप प्रज्वलित किया गया।



### शहीद चौक में लगी शहीद भगत सिंह की प्रतिमा

26 जनवरी के अवसर पर वीर शहीदों को याद करते हुए रायगढ़ के हृदय स्थल पर स्थित शहीद भगत सिंह चौक पर वीर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा का स्वतंत्रता संग्राम सेनानी दयाराम ठेठवार के द्वारा अनावरण किया गया। इस अवसर पर शहीद चौक के युवा और शहीद भगत सिंह की प्रतिमा में विशेष योगदान करने वाले पदाधिकारी उपस्थित थे। लंबे समय बाद शहीद चौक में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा लगाने की तैयारी चल रही थी और 26 जनवरी के दिन चौक के पास उनकी प्रतिमा लगाकर सभी ने फुल माला व पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया।

**कार्डिनल क्लब फ्लड लाइट टूर्नामेंट : तीसरे दिन खेले गए 4 मैच**

## अरूण के छक्के से जीता कार्डिनल क्लब




**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कार्डिनल चार्जर्स द्वारा आयोजित फ्लड लाइट टूर्नामेंट के तीसरे दिन 4 मैच खेले गए। 26 जनवरी को पानी गिरने के कारण एक भी मैच नहीं हो पाए थे। 27 जनवरी को कार्डिनल चार्जर्स समिति के द्वारा स्टेडिम क्रिकेट ग्राउंड का सुखाया गया। तब जाकर 27 जनवरी से मैचों का खेला जाना सुनिश्चित हुआ।

इन मैचों को देखने के लिए जिले भर से क्रिकेट प्रेमी स्टेडियम पहुंच रहे हैं। आयोजकों की मानें तो करीब 4 हजार दर्शक रोज मैच देखने आ रहे हैं। शाम 6 बजे से शुरू होकर रात 10.30 तक मैच खेले जा रहे हैं। पूर्व आईएएस ओपी चौधरी भी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने मैदान में पहुंचे। उन्होंने कार्डिनल क्लब के प्रैक्टिस सेशन में कुछ देर तक बल्लाजी भी की। साथ ही खिलाड़ियों का हर संभव मदद देने की बात भी कही।

इस बार सबसे खास बात यह है कि मैचों के स्कोर लोग ऑनलाइन देख रहे हैं। www.crickheros.in पर अब तक 75 हजार लोग मैच का ऑनलाइन स्कोर देख चुके हैं। तीसरे दिन का सबसे रोमांचक मैच कार्डिनल क्लब और पार्टी क्लब के बीच हुआ। कार्डिनल चार्जर्स ने टॉस जीतकर फील्डिंग का निर्णय लिया। पार्टी क्लब को शुरुआती दो झटके अजय पटेल ने दिए। फिर भी मोनू भुटानी के दमदार बल्लेबाजी ने पार्टी इलेवन को मैच में बचाए रखा। मोनू ने 14 गेंदों में 29 रन बनाए। इसके बाद आखिरी ओवर्स में गोलू बत्रा और हन्री मोटवानी के महत्वपूर्ण रनों ने पार्टी क्लब को एक फाइटिंग टोटल 63 रन तक पहुंचाया।

64 रनों का पीछा करने उतरी कार्डिनल चार्जर्स की शुरुआत सधी रही। ओपनर बल्लेबाज और कप्तान अरूण उपाध्याय एक छोर को संभाले हुए थे। वहीं दूसरी ओर से बल्लेबाज पोलो आक्रामक रुख अपनाए हुए थे। पोलो 27 रन बनाकर आउट हुए। पोलो के बाद आए बल्लेबाज प्रदीप बाखला 1 चौका और 1 छक्का मारकर आउट हो गए।

## शाहनवाज ने मजदूरों के साथ मनाया गणपर्व



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रायगढ़ जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में श्रमिकों एवं युवाओं के साथ जोशों खरोसों के गण पर्व मनाया गया। इसी कडी में जिलाध्यक्ष शाहनवाज ने पुसौर क्षेत्र के ग्राम लारा में प्रस्तावित पावर प्लांट एनटीपीसी क्षेत्र में श्रमिकों के साथ मिलकर ध्वजारोहण किया। साथ ही उनके बीच मिष्ठान वितरण किया गया। साथ ही साथ वहां उपस्थित मजदूर एवं युवा अपने नेता शाहनवाज खान को अपने बीच पाकर बहुत ज्यादा जोश व हर्ष में दिखे। जिलाध्यक्ष शाहनवाज ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्रमिक अपने खून पसीने से सींच कर बड़े-बडे उद्योगों की स्थापना में महत्वपूर्ण योगदान निभाते हैं और युवा देश की रीड की हड्डी है। इन दोनों के बिना राष्ट का निर्माण हो ही नही सकता।

## रायगढ़ के प्रांजल पटेल बने सी ए

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** नगर के ख्यातिलब्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. केदारनाथ पटेल के अनुज रामनारायण पटेल के पुत्र प्रांजल पटेल ने सी.ए.की परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त कर गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है । प्रांजल पटेल की प्रारंभिक शिक्षा कार्मेल स्कूल रायगढ़ में सम्पन्न हुई तत्पश्चात हाई एवं हायर सेकेंडरी की परीक्षा ओ.पी.जिंदल स्कूल में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण करने के बाद दिल्ली विश्वविद्यालय में सी ए अध्ययन हेतु प्रवेश लेकर बी.काम. की डिग्री प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की एवं नवम्बर 2018 के सी.ए.फाइनल की परीक्षा के घोषित परिणाम में सफलता अर्जित की है ।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता** इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां** मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु** प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें** संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

# कैरियर स्कूल में टॉपर बच्चों को पुरूस्कृत कर मनाया गया गणतंत्र दिवस

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** शहर के स्टेडियम के पीछे स्थित कैरियर इंगलीश मीडियक स्कूल में नन्हें मुन्हे बच्चों के साथ शिक्षकों द्वारा 26 जनवरी को 70 वां गण्तंत्र दिवस बहु ही धूम धाम से मनाया गया।

इस अवसर पर बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिये पिछले वर्ष के टॉपर विद्यार्थियों को पुरूस्कार प्रदान किया गया।















**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480